पहचान बनाने के लिए शिक्षा से बड़ा हथियार नहीं : सांसद राय

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 जुलाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत हायर सेकेंडरी परीक्षा में 75त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के खातों में 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि अंतरित की गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट

जिले के 1781 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 01 भिंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संध्या राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद संध्या राय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत हायर सेकेंडरी की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रदेश के ऐसे सभी विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि का अंतरण किया गया है। जिसमें जिले के कुल 1781 छात्र-छात्राओं को यह राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, शिक्षा के मायने भी बदल रहे हैं और आज शिक्षा के प्रति हमारे भिंड और चम्बल क्षेत्र में भी शिक्षा के प्रति जितनी भी जागरूकता आई है उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। सांसद राय ने कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देती हूं कि उन्होंने बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षा नीति में कई तरह के बदलाव किए और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहचान बनाने के लिए शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है। इसलिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। अगर आप शिक्षित होंगे तो निश्चित रुप से आगे बढ़ते हुए घर, समाज, राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे। आप की प्रतिभा की पहचान ही आपको महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप 25-25 हजार राशि के चैक वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य अतिथि? में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आयोजित विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि का अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया।

भिंड जिले के कुल 1781 विद्यार्थियों को मिले 25-25 हजार रुपए : उल्लेखनीय है, वर्ष 2024-25 की हायर सेकेंडरी की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रदेश के कुल 94234 विद्यार्थियों के खाते में 25000 प्रति विद्यार्थी के मान से सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि ट्रांसफर की गई। जिसमें भिंड जिले के कुल 1781 विद्यार्थियों के खाते में 25 हजार रूपये प्रति विद्यार्थी के मान से राशि अंतरित हुई।

शिक्षा के बगैर जीवन अधूरा : कुशवाह

कार्यक्रम में विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि शिक्षा के बगैर जीवन अधूरा है। जीवन के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण संबंध होता है। सभी समाज में मान-सम्मान, पद पाना चाहते हैं, जो शिक्षा के बिना अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिक्षा के प्रति विशेष संवेदनशील हैं और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्होंने बहुत सी योजनाएं प्रारंभ की हैं। प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए सांदीपनि स्कूल शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मेधावी विद्यार्थियों के सपने साकार करने के लिए कृत संकल्पित है। बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान दें, बाकी चिंता सरकार करेगी।

देहगांव में निक्षय शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 जुलाई। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्यक्रम के तहत ग्राम देहगांव एवं अंसोली सेक्टर मौ, ब्लॉक गोहद में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एस. यादव के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा तथा डीपीसी अवनीश दैपुरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में आईसीएमआर टीम का सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। शिविर का उद्देश्य टीबी रोग की समय पर पहचान, समुचित जांच और त्वरित उपचार के साथ-साथ ग्रामवासियों में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर टीम द्वारा गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को टीबी के लक्षणों, उपचार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में सक्रिय सहयोग देने वाले सीएचओ कुबेर शर्मा, डॉ. राजेश राजौरिया (आईसीएमआर), हरेंद्र राजपूत (आईसीएमआर) ने सहयोग दिया। इस अवसर पर डॉ. देवेश शर्मा ने बताया कि यह शिविर समुदाय में प्रारंभिक स्तर पर टीबी की पहचान एवं जागरूकता के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है। समय पर जांच और उपचार से टीबी को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है और हम सब मिलकर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त कर सकते हैं। 146 संवेदनशील व्यक्तियों की एक्स-रे जांच की गई, जिसमें संभावित टीबी रोगियों की त्वरित रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण डॉ. देवेश शर्मा (डीटीओ भिंड) द्वारा की गई।- संभावित रोगियों को आगे की जांच और उपचार हेतु चिन्हित किया गया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा की 32वीं पुण्यतिथि आज

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 जुलाई। अतरसूमा ग्राम के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा की 32वीं पुण्यतिथि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें श्रद्धा व कृतज्ञता के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

वे न केवल आजादी की लड़ाई के गुप्त क्रांतिकारी रहे, बल्कि आपातकाल में भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए मीसा कानून के तहत 19 माह जेल में रहे। वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने ग्वालियर रियासत, चंबल अंचल और यूनाइटेड प्रोविंस में सक्रिय भूमिका निभाई।

उनके योगदान को भारत सरकार ने 1992 में स्वतंत्रता सेनानी के रूप में मान्यता दी। पं. शर्मा जीवनभर समाज सुधार और गरीबों के उत्थान के लिए संघर्षरत रहे। वे ग्राम सुधार संगठन के अध्यक्ष, सहकारी बैंक प्रतिनिधि, मंडी समिति उपाध्यक्ष तथा ब्राह्मण समाज के सक्रिय मार्गदर्शक भी रहे। उन्होंने परशुराम छात्रावास, भिण्ड की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आपातकाल के समय जब उनका पुत्र इंग्लैंड की लीड्स यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर चयनित हुआ, तब उन्होंने जेल से ही पत्र लिखकर बेटे को विदेश भेजने की सहमति दी, जो उनके दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाले व्यक्तित्व का प्रतीक है।

उनके संघर्ष, त्याग और सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए क्षेत्रवासियों ने कहा कि पं. शर्मा जैसे व्यक्तित्व समाज की धरोहर हैं और उनकी सोच को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

गायब हुए मासूम वंश को 24 घंटे में किया बरामद

परिजनों ने ली राहत की सांस, सीएसपी और कोतवाली पुलिस की मुस्तैदी लाई रंग, 100 से अधिक कमरे खंगालकर ढूंढ़ा बच्चा

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 जुलाई। शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाला मासूम वंश तोमर (4) गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे खेलते-खेलते अचानक घर से गायब हो गया। परिजनों ने जब घर और आस-पड़ोस में काफी तलाश के बाद भी वंश का कोई सुराग नहीं पाया तो तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही नवागत सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत, सिटी कोतवाली टीआई बृजेंद्र सिंह सेंगर सहित पुलिस टीम हरकत में आई और बच्चे की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई और रहवासियों से भी लगातार पूछताछ की गई। लगातार प्रयासों और कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार को पुलिस को सफलता मिली, जब वंश को फूप क्षेत्र में उसके पिता बंटू के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया।

टीआई बोले-माता-पिता के बीच चल रहा है विवाद : टीआई बृजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि वंश तोमर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अपने घर के पास खेल रहा था और संभवत: रो भी रहा था। उसी दौरान उसके पिता बंटू का वहां से निकलना हुआ और उसे अपने साथ बिना किसी को बताए फूप ले गए। पुलिस द्वारा की गई जांच में यह भी सामने आया है कि बच्चे के माता-पिता के बीच आपसी विवाद चल रहा है, जिस कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। वंश की सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस ने बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे को पाकर परिजनों की आंखों में खुशी और राहत साफ झलक रही थी। परिजनों ने पुलिस की तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता और सजगता की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत और टीआई बृजेंद्र सिंह सेंगर की अगुवाई में हुई इस त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर यह साबित हुआ कि भिंड पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए हर वक्त सतर्क है।

पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि घर में छोटे बच्चे हैं तो उनकी निगरानी अवश्य करें। कोई भी संदेहास्पद स्थिति या व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके।

त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 जुलाई। लहार थाना परिसर में आगामी त्योहारों मोहर्रम एवं श्रावण मास को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता

मोहर्रम व श्रावण पर्व पर शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पुलिस-प्रशासन तैयार

एसडीओपी लहार प्रवीण त्रिपाठी ने की। बैठक में थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा, सीएमओ लहार रमाकांत शर्मा, विद्युत विभाग के अधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में मोहर्रम के जुलूस के रूट निर्धारण, ताजिया रखने के स्थान, सावन मास के जलाभिषेक कार्यक्रमों एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों को लेकर गहन चर्चा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने आयोजन स्थलों की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल और यातायात के सुचारू संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी ने कहा कि त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए प्रशासन को सहयोग दें। उन्होंने यह भी कहा कि कहीं भी कोई अफवाह या अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे और सभी रूट पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। साथ ही, सावन मास में शिवालयों में होने वाले जलाभिषेक कार्यक्रमों के दौरान भी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मोहर्रम का पर्व सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी समुदायों का सहयोग आवश्यक है। शांति समिति की इस बैठक में शहर के प्रमुख नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं समाजसेवियों ने भी भाग लिया और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

एबीवीपी ने कोचिंग संस्थानों की अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 जुलाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लहार इकाई के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को एक 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए नगर में संचालित

11 सूत्रीय मांगों में अनियंत्रित फीस, फर्जी दावे और सुरक्षा व्यवस्था पर जताई आपत्ति

कोचिंग संस्थानों की अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

नगर मंत्री हर्षदीप शुक्ला ने बताया कि नगर में कई कोचिंग संस्थान अनियंत्रित फीस वृद्धि कर विद्यार्थियों और अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। इसके साथ ही, अनेक कोचिंग संचालक योग्यता और अनुभव के बिना संस्थान चला रहे हैं, जिनका किसी भी स्तर पर सत्यापन नहीं हुआ है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कुछ कोचिंग संस्थान रैंक गारंटी जैसे भ्रामक और झूठे दावे कर छात्रों को गुमराह कर रहे हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता और नैतिकता दोनों के लिए खतरा हैं। नगर में अधिकांश कोचिंग संस्थान शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं कर रहे, जैसे—आयु सत्यापन, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, टॉयलेट, पार्किंग और छात्रों की सुरक्षा के अन्य उपाय। कुछ संचालक बिना पंजीकरण के अवैध रूप से कोचिंग चला रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी ने सभी कोचिंग संस्थानों की जांच करवाकर अवैध एवं अयोग्य संस्थानों को बंद कराने की मांग की।

इस अवसर पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन आंदोलन की राह पर भी जा सकता है।

एक नजर में

दंदरौआधाम में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

भिण्ड, 4 जुलाई। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास जी महाराज के पावन सानिध्य में निव्याबंधन सर्वजातीय शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस सम्मेलन में तीन जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों के साथ विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया। विवाह संस्कार का संचालन पं. रामलखन कटारे द्वारा पारंपरिक मंत्रोच्चारण एवं वैदिक विधि से किया गया। समिति अध्यक्ष प्रदीप राणा ने समस्त जोड़ों का कन्यादान कर उपहार भेंट किए एवं समारोह के समापन पर सभी वर-वधुओं और उनके परिजनों को भोजन प्रसादी कर विदाई दी गई। सभी नवदम्पतियों को विवाह स्थल पर उपस्थित संतजनों, अतिथियों और समिति सदस्यों द्वारा मंगलमय व सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया।

एसडीएम की त्वरित कार्रवाई, ओवरलोड डंपर किया जब्त

भिंड। लहार एसडीएम विजय यादव द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी एवं प्रशासनिक सक्रियता के तहत खनिज परिवहन में अनियमितता को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार मिहोना बाईपास से गुजरते समय गिट्टी से भरे एक ओवरलोड डंपर को देख उन्होंने उसे तत्काल रुकवाया और वाहन चालक से खनिज रॉयल्टी से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा। वाहन चालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके पश्चात एसडीएम विजय यादव ने तत्काल प्रभाव से डंपर को जप्त कर मिहोना थाने की अभिरक्षा में रखवाया।

रास्ते में108 एंबुलेंस रुकवा कर महिला ईएमटी ने कराया सुरक्षित प्रसव

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 4 जुलाई। रौन, 108 एमरजैंसी एम्बुलेंस के संभागीय अधिकारी गिर्राज सिंह तोमर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर 2ः00 बजे के आसपास बिसेनी का पुरा निवासी रूबी पति विनोद उम्र 24 साल को प्रसब पीड़ा के दौरान तेज दर्द होने के कारण एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ी, परिजनों ने तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर फोन लगाकर प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला की जानकारी दी, एम्बुलेंस ष्टत्त04हक्र926 को डिलेवरी केस मिला , प्रसब पीड़ा की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट देव प्रकाश शर्मा और महिला ईएमटी तुरंत ग्राम विसेनी का पुरा, पहुंचे प्रसब पीड़ा के दौरान हो रहे दर्द को देखते हुए 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर तैनात महिला ईएमटी फूलवती ने पायलेट देव प्रकाश शर्मा को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र रौन ले जाने के लिए कहा परंतु रास्ते में ही महिला को तेज दर्द होने के कारण 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर तैनात महिला ईएमटी फूलवती ने पायलेट देव प्रकाश शर्मा से रोड से एक तरफ गाड़ी लगाने के लिए कहा, और फिर ईएमटी फूलबती ने सूझबूझ से एम्बुलेंस के अन्दर ही सुरक्षित प्रसव करवाया, महिला रुबी एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया जच्चा-बच्चा दोनो सुरक्षित हैं परिजनों ने 108 एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद किया, जब इस खबर की सूचना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के संभागीय प्रभारी गिर्राज सिंह तोमर को मिली तो उन्होंने भी 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी और पायलट के कार्य की काफी सराहना की, और भविष्य में इसी तरह कार्य करने की सलाह दी।

पूर्व विधायक स्व. समाधिया को अर्पित की श्रद्धांजलि

भिंड, 4 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अटेर के पूर्व विधायक स्व. शिवशंकर समाधिया का 1 जून को दु:खद निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 2 जून को उनके गृह ग्राम खेरी में राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। स्व. समाधिया की अंतिम विदाई में जिले भर के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। 4 जून को ब्राह्मण समाज के गणमान्यजनों ने डाक बंगला स्थित स्व. समाधिया के निवास पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

शासन की योजना से लेपटॉप वितरण किए : राठौर

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 4 जुलाई। आज शा.कन्या उच्च. माध्य.विद्यालय मेहगांव में हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त छात्र छात्राओं को 75त्न से अधिक अंक लाने वालो को लैपटॉप वितरण की राशि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा छात्राओं को सीधे बैंक अकाउंट में दी गई जिसमें आज शा.कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय मेहगांव में नगर पालिका अध्यक्ष कंचन पिंटू राठौर को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया अध्यक्ष ने सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की इस कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा एवं स्कूल प्राचार्य के. एल. खेश ओर समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहे न. प. अध्यक्ष का ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य ओर स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया।

स्कूल में कुल 16 छात्राओं को ये पुरस्कार मिला है जिसमें संध्या राठौर पुत्री रूपेंद्र सिंह , प्रिया शर्मा पुत्री राजकुमार, शीलू पुत्री अभिलाख सिंह, पल्लवी पुत्री देव नारायण, शिवानी पुत्री शतीश, हिमांशी ओझा पुत्री बालकिशन ओझा, अनुष्का ओझा पुत्री राजकुमार ओझा, रितु राठौर पुत्री ज्ञानसिंह राठौर, सोनाली शर्मा पुत्री राकेश शर्मा, प्राची पुत्री राकेश, प्रतिज्ञा पुत्री गोविंद सिंह, शुभी भदौरिया पुत्री मनोज सिंह, संध्या राठौर पुत्री जितेंद्र सिंह, काजल राठौर पुत्री सुदामा राठौर, भूमि पुत्री सुनील, आलिया पुत्री लालू सिंह न. प. अध्यक्ष राठौर ने सभी 16 छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा इसी तरह ओर मन लगा के सभी छात्राएं पढ़ाई करे जिससे आगे उन्हें जिला व प्रदेश स्तर पर भी सम्मान मिले और मेहगांव का नाम रोशन करे में छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ कार्यक्रम का संचालन हाई स्कूल के प्राचार्य अवध बिहारी शर्मा ने किया आभार व्यक्त खंड शिक्षा अधिकारी ने किया ओर इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।